टूरिज्म को प्रमोट करेगी कानपुर दर्शन यात्रा

हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते सांसद.

विधायक नीलिमा कटियार और मेयर प्रमिला पांडेय ने बस को रवाना किया.

kanpur@inext.co.in

KANPUR (17 Dec): सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर में कानपुर पर्यटन विकास एवं प्रोत्साहन समिति के तत्वावधान में संडे को कानपुर दर्शन यात्रा का शुभारंभ किया. चीफ गेस्ट मेयर प्रमिला पांडेय और विशिष्ट अतिथि विधायक नीलिमा कटियार ने बस को झंडी दिखाकर रवाना किया. इस यात्रा में 40 से ज्यादा गार्जियंस शामिल रहे. प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने गेस्ट का वेलकम किया. विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि स्कूल का यह प्रयास सराहनीय है. इस पहल का उद्देश्य कानपुर शहर के पौराणिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों के महत्व व दर्शन से नगरवासियों को अवगत कराना और पर्यटन को बढ़ावा देना है.

इन स्थलों की यात्रा

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर को कानपुर शहर का पहला शिक्षण संस्थान होने का गौरव प्राप्त हुआ. स्कूल ने एकेडमिक सेशन 2023-24 की थीम–कानपुर एक खोज रखी है. इस यात्रा का पहला पड़ाव, ध्रुव टीला था. इसके बाद बिठूर घाट, ब्रह्मा खूंटी बारादरी और गणेश मंदिर ऐतिहासिक यात्रा के अगले पड़ाव बने. अंतिम चरण में सीता रसोई, नानाराव संग्रहालय का भी भ्रमण हुआ. स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि जी सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी कर ने एडमिनिस्ट्रेशन के अफसरों और उप्र पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की.

ग्रुप टूर से बढ़ेगा नेशनल स्तर पर आकर्षण

मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में कानपुर दर्शन यात्रा का शुभारंभ हुआ. जिसमें चार ट्रिप का सफलतापूर्वक समापन कराया गया. ग्रीन पार्क में आयोजित समारोह में सांसद सत्यदेव पचौरी ने कानपुर दर्शन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया. प्रोग्राम में नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, पर्यटक अधिकारी अर्जित ओझा, स्पोर्ट्स डायरेक्टर आरऐन सिंह, डीआईओएस अरुण कुमार, कानपुर सिटी बस प्रभारी डीवी सिंह, अर्थ फाउंडेशन की संस्थापक शैफाली राज भी मौजूद रहीं.